753. संयुक्त राजस्थान का प्रधानमंत्री कौन नियुक्त किया गया?

(a) बलवन्तसिंह मेहता (b) माणिकलाल वर्मा
(c) हीरालाल शास्त्री (d) जय नारायण व्यास

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (b) : संयुक्त राजस्थान 18 अप्रैल, 1948 को तीसरे चरण में उदयपुर को राजस्थान संघ में मिला लिया गया।

● इस समय माणिक्यलाल वर्मा को संयुक्त राजस्थान का प्रधानमंत्री बनाया गया था। उस समय इसकी राजधानी उदयपुर थी।

754. एकीकृत राजस्थान के निर्माण में मत्स्य संघ में शामिल जिले थे-

(a) जयपुर, जोधपुर, बीकानेर
(b) उदयपुर, डूंगरपुर, कोटा, टोंक
(c) बांसवाड़ा, बूंदी, झालावाड़
(d) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022
पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – 17-18 मार्च 1948 ई. को अलवर, भरतपुर, धौलपुर व करौली को मिलाकर मत्स्य संघ का निर्माण किया गया। अलवर इसकी राजधानी बना। धौलपुर के महाराज उदयभान सिंह को राजप्रमुख व शोभाराम कुमावत को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

755. 1948 में किस राज्य के शासक को मत्स्य संघका राजप्रमुख बनाया गया?

(a) भरतपुर (b) करौली
(c) धौलपुर (d) अलवर

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (c) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

756. 1948 में मत्स्य संघ का प्रधानमंत्री किसे बनाया गया?

(a) मणिक्यलाल वर्मा (b) शोभाराम कुमावत
(c) गोकुललाल असावा (d) हीरालाल शास्त्री

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

757. लोकदेवता गोगाजी, डॉ. दशरथ शर्मा के अनुसार किस शासक के समय

(a) महमूद गजनवी (b) मुहम्मद गोरी
(c) इल्तुतमिश (d) अलाउद्दीन खिलजी

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a)– डा. दशरथ शर्मा के अनुसार लोकदेवता गोगाजी महमूद गजनवी के समकक्ष थे। इनका जन्म चौहान राजपूत वंश में चुरू में हुआ। राजस्थान में पूरे उत्साह के साथ गोगा जी का भदवा बदी नवमी तथा भदवा शुल्क नवमी नामक उत्सव मनाया जाता है। बाबा रामदेव के समान गोगा जी भी सभी जातियों द्वारा पूजित होने के कारण कौमी एकता के प्रतीक माने जाते हैं।

758. 19वीं शताब्दी के किस कवि को दरबारी चाटुकारिता से दूर रहकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ लिखने के लिए 'लोक-कवि' कहकर पुकारा जाता है?

(a) दयाल दास (b) श्यामल दास
(c) बांकीदास (d) शंकरदान सामोर

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2022

Ans. (c) : कवि बांकीदास (1771-1833) का जन्म जोधपुर के भंडियावास गांव में हुआ था। कवि बांकीदास दरबारी चाटुकारिता से दूर रहकर अपनी रचनाएं की। इन्होंने ब्रिटिश शासन की आलोचना अपनी लेखनी के माध्यम से की। यही कारण है कि लोगों द्वारा इन्हें 'लोक कवि' कहकर पुकारा जाता था। इनकी रचनाओं में 'बांकीदास री ख्यात' प्रमुख है।

759. मत्स्य संघ का राजस्थान में विलय कब हुआ?

(a) 18 अप्रैल, 1948 (b) 30 मार्च, 1949
(c) 15 मई, 1949 (d) 26 जनवरी, 1950

JEN Mechnanical Degree Exam date- 2016
RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (c) : मत्स्य संघ, भारत का एक राज्य था, जो 18 मार्च-1948 को चार पूर्व रियासतों अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली व एक ठिकाना-नीमराना के विलय के बाद बना। संयुक्त वृहत्तर राजस्थान में मत्स्य संघ 15 मई 1949 ई. को शामिल हुआ।

760. 1956 में राज्य पुनर्गठन के बाद किस समिति की सिफारिश पर राजस्थान लोक सेवा आयोग को अजमेर स्थानान्तरित किया गया?

(a) सत्यनारायण राव समिति
(b) प्रशासनिक सुधार आयोग
(c) सादिक अली समिति
(d) इनमें से कोई नहीं

उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (a) – राजस्थान राज्य लोक सेवा आयोग की स्थापना 20 अगस्त, 1949 में जयपुर में की गयी थी। वर्ष 1956 में राज्य पुनर्गठन के बाद सत्यनारायण राव समिति की सिफारिश पर इसका स्थानांतरण अजमेर किया गया। अनुच्छेद-316 के अनुसार अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जायेगी। राजस्थान राज्य लोक सेवा आयोग के प्रथम अध्यक्ष एस.के. घोष थे। RPSC के वर्तमान अध्यक्ष श्री संजय कुमार श्रोत्रिय है।

761. ऋषभदेव के मन्दिर राजस्थान के किस स्थान में स्थित है?

(a) डूंगरपुर (b) धुलेव
(c) राणकपुर (d) कांकरोली

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (b) – ऋषभदेव का मंदिर राजस्थान के उदयपुर से लगभग 40 किमी. दूर घुलेव गाँव में स्थित है। इसे केसरिया जी या केसरिया नाथ के नाम से भी जाना जाता है। यह प्राचीन तीर्थ स्थल अरावली पर्वत माला के मध्य कोयल नदी के किनारे स्थित है। यहाँ प्रथम जैन तीर्थंकर आदिनाथ या ऋषभदेव की काले रंग की प्रतिमा स्थापित है। यहाँ के आदिवासियों के लिए ये केसरिया जी कालिया बाबा के नाम से प्रसिद्ध व पूजित हैं।

762. मत्स्य संघ का कौन-सा राज्य , जनता के बहुमत के आधार पर उत्तर प्रदेश के साथ विलीनीकरण के लिए तैयार था?

(a) भरतपुर (b) करौली
(c) धौलपुर (d) अलवर

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018
48 LA2018_Question Paper Code-48